Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 28-11-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title: Non-availability of Fertilizers in Punjab and other parts of the country.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत दिनों से इस मामले को उठाना चाहता था लेकिन आज 6 दिन बाद मुझे इस विाय को उठाने का मौका मिला है। जैसा अभी मेरे साथी ने कहा कि खाद की किल्लत सारे देशमें है। इस समय बुबाई का समय है। किसान यूरिया खाद लेने के लिए जब अपने ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर अपने घर से दुकान पर जाता है तो वह सौ-पचास रुपये खर्चकर वापस बिना खाद लिये जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय : सदस्य गण, अगर कोई मीटिंग बहुत जरूरी है तो आप बाहर जाकर बात कर सकते हैं।

...(व्यवधान)

श्री अविनाश राय खन्ना : मान्यवर, किसान कीनिराशा इस बात से साफ झलकती है कि आज ही पंजाब में भोगपुर के नजदीक एक किसान ने आत्महत्या की है। मैं सदन में इस बात को उठाना चाहता हूं कि अगर समय पर किसान को खाद नहीं मिली तो इससे फसल खराब होगी और अगर फसल ख़राब हुई तो जिस चिंता से सारा देश ग्रस्त है और किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उससे खाद्यान्न की कमी होगीऔर किसान ऐसे ड्रॉस्टिक कदम लेने के लिए मजबूर होगा। मेरी जानकारी यह है कि खाद तो उ पलब्ध है लेकिन दो मंत्रालयों में आपस में तालमेल न होने के कारण खाद का वहां ट्रांसपोर्ट नहीं किया जा रहा है। इसलिए मेरा आग्रह है कि इस तरफ ध्यान दिया जाए और किसानो को खाद मिले, इसकी व्यवस्था की जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : चौ. लाल सिंह जी, आपका नाम श्री खन्ना जी द्वारा उठाये गये मामले से एसोसिएट करा दूं?